# JAIN COLLEGE

463/465, 18th Main Road, SS Royal, 80 Feet Road, Rajarajeshwari Nagar,
Bangalore - 560 098

***Date: 2019-2020*** ***SUBJECT: HINDI***

***II PUC***
***MOCK-I***

***Timings Allowed:3hr 15.min*** ***Total Marks: 100***

**सूचना :** १) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि मे लिखना आवश्यक है |
२) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है |

**I अ एक शब्द या वाक्यांश मे उत्तर लिखिए :** 6 X 1 = 6

1॰किसका संकट चर्चा का विषय बना हुआ है ?
2॰ शताब्दी की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या है ?
3॰ विश्वेश्वर्य्या का जन्म किस नाम से मनाया जाता है ?
4॰चीफ की दावत किसके घर पर थी ?
5॰नारद क्या छीनते देख घबराये ?
6॰जापान का गुणधर्म क्या है ?

आ॰ **निम्नलिखित प्रश्नो मे से किन्ही तीन प्रश्नो का उत्तर लिखिए :**

7॰ चैत के महीने में खलिहानों में सतयुग के राज का वर्णन कीजिए | 3 X 3 = 9
8॰ मन की शक्ति कैसी है ?
9 ॰ प्रदूषण के संबंध में गंगा मैया ने क्या कहा है ?
10॰ बरामदे में पहुँचते ही शामनाथ क्यों ठिठक गए ?
11॰ नारद आखिर भोलाराम का पता कैसे लगाते हैं ?

**II अ॰निम्नलिखित वाक्य किसने ,किससे कहा ?** 4X 1 = 4

12॰दिन भर एक न एक खुकड़ निकालते रहते हैं |
13॰'क्रोधी तो सदा के हैं | अब किसी की सुनेंगे थोड़े ही |'
14॰'जो वह सो गयीं और नींद में खराटे लेने लगी तो ?'
15॰ 'आप साधु हैं,आपको दुनियादारी समझ में नहीं आती |'

**आ॰ निम्नलिखित में से किनही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** 2X3= 6

16 ॰ 'एक बार जब जबान पर चढ़ जाए तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता '|
17॰ 'चूड़ियाँ कहाँ से लाऊं बेटा, तुम तो जानते हो,सब जेवर तुम्हारी पढ़ाई में बिक गए|'
18॰'साधु – संतों की वीणा से तो अच्छे स्वर निकलते हैं"|
19 ॰ "यहाँ प्रकृति की तूलिका में सात से अधिक रंग दिखाई दे रहे हैं"|

**III अ॰ एक शब्द या वाक्यांश मे उत्तर लिखिए :** 6 X 1 = 6

20 ॰ श्रीकृष्ण के कान में किस प्रकार का कुंडल है ?
21 ॰ रहीम किसे धन्य मानते है ?
22.मेघ में किस चीज़ की चाह होनी चाहिए ?
23॰ देश को किससे बचाना है ?
24॰ माखन का भोग कौन लगाते हैं ?
25 ॰पीड़ित व्यक्ति को किस प्रकार से चलना चाहिए ?

**आ॰ निम्नलिखित प्रश्नो में से किसी दो प्रश्न का उत्तर लिखिए :** 2 X 3 = 6

26. रैदास ने भगवान और भक्त के संबंध को कैसे वर्णित किया है ?
27. श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कीजिए ?
28. कवयित्री अमरों के लोक को क्यों ठुकरा देती हैं ?
29॰ 'कायर मत बन' कविता के द्वारा हमें क्या संदेश देते है ?

**इ॰ ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** 4 X 1 = 4

30॰ प्रभूजी तुम दीपक,हम बाती,
जाकी जोति बरे दिन राती |
प्रभूजी तुम मोती,हम धागा'
जैसे सोने मिलत सुहागा ||

**अथवा**

चोरी करत कान्ह धरि पाए |
निसि-दिन मोहि बहुत सतायौ अब हरि अरि हाथहि आए |
माखन दधि मेरौ सब खायो,बहुत अचगरी कीन्ही |

**31॰** मेरा यह बचपन,तुम्हारा मातृत्त्व 1x4=4
ये ही गहने हैं मेरे लिए,माँ;
मैं तुम्हारा गहना;तुम मेरा गहना;
फिर अन्य गहने क्यों चाहिए माँ ||

**अथवा**

कुछ भी बन बस कायर मत बन
ठोकर मार पटक मत माथा'
तेरी राह रोकते पाहन |

**IV॰अ एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** 5X 1 = 5

32. दादा जी का छोटा पोता किस पद पर था ?
33॰मूलराज के मँझले बेटे का नाम लिखिए |
34॰ दादा जी किसके हक में थे ?
35॰ भारवि की माँ का नाम क्या है ?
36॰ कवि किस पीआर शासन करता है ?

आ॰ **निम्नलिखित प्रश्नों मे से किनही दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए** : 2 X 5 = 10

37॰ इन्दु को अपनी भाभी बेला पर क्रोध क्यों आया ?
अथवा
दादा जी 'बड़प्पन' के संबंध में क्या विचार थे ?

38॰ भारती और सुशीला के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए
अथवा
'अहंकार उन्नति में बाधक है |' एकांकी के आधार पर श्रीधर के इस कथन को स्पष्ट कीजिए |

39॰V **अ निम्नलिखित वाक्य शुद्ध कीजिए :** 4 X 1 =4

1) कोयल डाली में बैठी है |
2) मैं आप पर इज्जत करता हूँ |
3) मेहमान लोग आठ बजे आयेगा |
4) अध्यापक जी पढ़ा रहा है |

40॰ **आ॰कोष्टक में दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :** 4 X 1 = 4

( से, में, ने, को )

1) वीरों----देश के लिए प्राणों की आहुति दी |
2) रशिम ने रामा----पुस्तक दी |
3) आप अपने कमरे ----- जाइए |
4) वह गाड़ी ---- उतरा |

41॰ **निम्नलिखित वाक्यो को सूचनानुसार बदलिए** : 1 X 3 = 3

1) उसने अपना काम सुचारु रूप से किया |( भविष्यत काल मे बदलिए )
2) रमेश अपना जन्मदिन माना रहा है |( भूतकाल में बदलिए )
3) उस रोगी का शरीर बहुत दुर्बल था |(वर्तमान काल में बदलिए )

42◦ **निन्म्लिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** 4 X 1 = 4

1) दम ना लेना a) क्रोधित होना
2) कमर सीधी करना b) कीर्ति पाना
3) तिनक जाना c) कठिन परिश्रम करना
4) नाम जगाना d) आराम करना

43◦ **उ◦ अन्य लिंग रूप लिखिए** : गायक , साहब , नौकर 3 X 1 = 3

44◦ **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** 3 X 1 = 3

1) जो जाना पहचाना हो
2) जो कभी न मरता हो
3) जो धर्म का काम करे

45◦ **निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए** 2 X 1 = 2

1) मान 2) दूषण

46) **निम्नलिखित शब्दों मे से प्रत्यय अलगकर लिखिए:** 2X1=2

1) किताबें 2) पौराणिक

47◦ **किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:** **1x** 5=5

1) शहरी जीवन
2) व्यायाम का महत्त्व
3) रेलवे स्टेशन का एक दृश्य

अथवा

**अपनी बहन की शादी में भाग लेने के लिए चार दिन की छुट्टी मांगते हुए अपने महा विद्यालय के प्रधानाचार्य को आवेदन – पत्र लिखिए |**

**48◦ निम्नलिखित अनुच्छेद पहकर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **5x1=5**

उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद का जन्म ३१ जुलाई १८८० ई◦ को काशी के निकट लमही नामक गाँव में हुआ था | आपके पिता का नाम अजायबराय तथा माता का नाम आनंदी देवी था | आपका जीवन बहुत ही संघर्ष पूर्ण रहा | आपने घर पर ही पढ़कर इंटर्मीडियट एवं बी◦ए◦ की परीक्षाएँ उतीर्ण की | आप पहले नवाबराय के नाम से उर्दू में लिखते थे,बाद में प्रेमचंद के नाम से हिन्दी में लिखने लगे | आपने हिन्दी में लगभग ३०० कहानियाँ लिखी हैं जो 'मानसरोवर' के आठ भागों में संकलित हैं | आपकी कहानियाँ आदर्शोन्मुख यथार्थवादी हैं | आपकी शैली में सरलता, सजीवता, एवं प्राभावोत्पादकता है | मुहावरेदार भाषा का प्रयोग आपकी विशेषता है | ८ अक्तूबर १९३६ ई◦को आपका स्वर्गवास हुआ |

**प्रश्न** : 1) मुंशी प्रेमचंद का जन्म कब और कहाँ हुआ ?
2) मुंशी प्रेमचंद के पिता एवं माता का ना क्या था ?
3) प्रेमचंद ने लगभग कितनी कहानियाँ लिखी ?
4) प्रेमचंद की कहानियों की विशेषताएँ लिखिए |
5) प्रेमचंद की भाषा एवं शैली की विशेषताएँ लिखिए |

49◦ **हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** 5x1=5

1) Today's children are the citizens of tomorrow.
2) A best teachers is one who always inspires his students.
3) Gopal is good in studies.
4) Mahatma Gandhi is the father of our nation.
5) Ram has secured 95% in board examinations.

*********************